

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

मंगलवार 03 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 130 पृष्ठ 4

www.keshavtv24.com

www.keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जो लोग अपने सपनों को पूरा करने की हिम्मत रखते हैं, वे ही अपने जीवन में सफल होते हैं।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई इंटर परीक्षा, नालंदा में 44 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल

### लेट से पहुंचे छात्रों को नहीं मिली एंट्री, दीवार फांदकर घुसने की कोशिश; हंगामे के बीच प्रशासन सख्त

शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा सोमवार से जिले के 40 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। यह परीक्षा 13 फरवरी तक चलेगी। जिले में कुल 44,352 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिनमें 23,132 छात्र और 21,220 छात्राएं हैं।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे प्रारंभ हुई, जबकि सभी केंद्रों के मुख्य द्वार 9 बजे बंद कर दिए गए। देर से पहुंचे कई छात्रों को प्रवेश नहीं मिला। कुछ परीक्षार्थियों ने दीवार फांदकर अंदर जाने की कोशिश की। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जबरन प्रवेश करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

इधर, एसएस बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में देर से पहुंचे एक इनविजिलेटर और क्लर्क को प्रवेश दिए जाने पर परिजनों ने विरोध जताया। देखते ही देखते मामला हंगामे में बदल गया और सुरक्षाकर्मियों से नोकझोंक की स्थिति उत्पन्न हो गई।

जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने केंद्राधीक्षकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त बनाने के लिए प्रशासन ने बहुस्तरीय सुरक्षा








व्यवस्था लागू की है। जिलेभर में 115 स्टैटिक दंडाधिकारी, 38 गश्ती दल दंडाधिकारी, 20 उड़नदस्ता (जोनल) और 8 सुपर जोनल दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। सभी केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है तथा केंद्र के 500 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने बताया कि परीक्षार्थियों को जूता–मोजा पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं है। सभी को चप्पल पहनकर ही आना होगा। प्रवेश से पूर्व त्रिस्तरीय जांच की जा रही है। महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला पुलिसकर्मी कर रही हैं। मोबाइल, स्मार्ट वॉच समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। नकल रोकने के लिए परीक्षा प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।

प्रथम पाली के लिए सुबह 9 बजे तक और द्वितीय पाली के लिए दोपहर 1:30 बजे तक केंद्र में प्रवेश अनिवार्य किया गया है। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिल. `गा।

पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि परीक्षा अवधि में असामाजिक तत्वों और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। शहर में जाम की समस्या से बचाव के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। उन्होंने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचें।

## इंटरमीडिएट परीक्षा–2026 को लेकर डीएम व एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

### कदाचार मुक्त व पारदर्शी परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। बिहारशरीफ। इंटरमीडिएट परीक्षा–2026 के सुचारु, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने मंगलवार को बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एस.एस. बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिहारशरीफ तथा सदरे आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, कागजी मोहल्ला स्थित परीक्षा केंद्रों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों की साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।







उन्होंने कहा कि रविदास जयंती केवल पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवता के मूल्यों को अपनाने का संदेश है।इस अवसर पर नरेन्द्र कुमार निराला, रामचंद्र प्रसाद, बंटी यादव, उपेन्द्र सिंह, भोला चौधरी, दीपू सिंह, अभिमन्यु यादव, विक्की कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी सभी दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नालंदा में खुरपका–मुंहपका टीकाकरण अभियान शुरू, 4.85 लाख पशुओं को लगेगा मुफ्त टीका, मेयर अनिता देवी ने किया शुभारंभ, पशुपालकों से टीकाकरण कराने की अपील



शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ, नालंदा। जिले में पशुओं को खुरपका–मुंहपका (एफएमडी) रोग से बचाने के उद्देश्य से सोमवार, 2 फरवरी 2026 को जिला स्तरीय टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत चार माह से अधिक आयु के गोवंश एवं भैंस जाति के पशुओं को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा।जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम बिहारशरीफ की मेयर श्रीमती अनिता देवी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

उद्घाटन के दौरान स्थल पर ही कई गायों का टीकाकरण किया गया। साथ ही जिन पशुओं में पूर्व से पहचान टैग नहीं लगा था, उन्हें टैग भी लगाया गया।जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार की इस योजना का संचालन बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के पशुपालन निदेशालय के सहयोग से किया जा रहा है। पहले चरण में नालंदा सहित कई जिलों में अभियान शुरू हुआ है। जिले में कुल 4 लाख 85 हजार 100 पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि जिन पशुओं को पहली बार टीका लगाया जाएगा, उन्हें एक माह बाद बूस्टर डोज भी दी जाएगी। साथ ही प्रत्येक पशु को पहचान के लिए टैग लगाया जाएगा, जो पशु के आधार कार्ड की तरह कार्य करेगा।

मेयर अनिता देवी ने जनप्रतिनिधियों और पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराएं, ताकि कोई भी पशु इस गंभीर बीमारी से प्रभावित न हो।कार्यक्रम में डॉ. सुबोध सक्सेना (जिला नोडल पदाधिकारी, टीकाकरण), डॉ. अविनाश चंद्रा (जिला नोडल पदाधिकारी, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम) सहित टीकाकर्मी और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# शालीग्राम शीतल कुंड बन सकता है पर्यटकों का आकर्षण, उपेक्षा से खो रही ऐतिहासिक पहचान

## शालीग्राम कुंड, दुखहरनी घाट –

## हर साल दीपावली से होली के बीच आते हैं डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु पहाड़ पर पानी की हो व्यवस्था तो और भी अधिक आयें जैन पर्यटक

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी*

राजगीर (नालंदा)। ऐतिहासिक और ध. ार्मिक नगरी राजगीर में स्थित शालीग्राम शीतल कुंड आज प्रशासनिक उपेक्षा के कारण अपनी पहचान खोता जा रहा है। अजातशत्रु किला मैदान के पश्चिम और वैतरणी नदी के उत्तर दिशा में स्थित यह कुंड कभी अपनी शीतलता और पवित्रता के लिए प्रसिद्ध था, लेकिन पहुंच पथ और रख–रखाव के अभाव में अब यह जर्जर अवस्था में किसी तारणहार की प्रतीक्षा कर रहा है।

राजगीर के 22 कुंड और 52 धाराओं में शामिल यह शालीग्राम कुंड कुएं के आकार का है, जिसमें नीचे उतरने के लिए सीढ़ियां बनी हुई हैं। वर्तमान में सीढ़ियां टूट–फूट चुकी हैं और उन पर घास–फूस उग आई है, जिससे इसकी स्थिति बदहाल हो गई है।

कुंड के पश्चिम में स्थित दुखहरनी घाट भी ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है। यहां सरस्वती, गोदावरी और वैतरणी नदी का जल संगम होता है,





*जिसे अत्यंत पवित्र स्थल माना जाता है। पुराने समय में श्रद्धालु पहले दुखहरनी घाट में स्नान कर शालीग्राम कुंड में प्रवेश करते थे, लेकिन अब यह घाट भी धीरे–धीरे विलुप्त होता जा रहा है।*

*वर्ष 2009 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने प्रवास के दौरान इस स्थल का निरीक्षण कर इसके सौंदर्यीकरण का निर्देश दिया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी इसका जीर्णोद्धार नहीं हो सका। परिणामस्वरूप इस ऐतिहासिक धरोहर की महत्ता अब केवल पुस्तकों तक सिमट कर रह गई है।*

*पंडा कमेटी के डॉ. धीरेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि पूर्व समय में महाराष्ट्र से आए कुल पुरोहित यहां स्नान–पूजन करते थे। उन्होंने कहा कि राजगीर की इन ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने की जरूरत है, क्योंकि नई पीढ़ी इनके महत्व से अनजान है।*

*स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि शालीग्राम कुंड की नियमित साफ–सफाई और सौंदर्यीकरण कराया जाए, तो यह पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बन सकता है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि श्रद्धालु भी यहां के शीतल जल में स्नान का आनंद ले सकेंगे।*

# छोटे–छोटे प्रयास से बड़ा बदलाव– मिशन हरियाली ने बेगूसराय के छात्रों को दिए 250 अमरूद के पौधे

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर नूरसराय नर्सरी पहुंचे स्कूली बच्चे

रानी सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी नूरसराय (नालंदा)। "हर छोटे–छोटे प्रयास से एक बड़ा काम सार्थक हो जाता है" – इसी सोच को साकार करते हुए मिशन हरियाली नूरसराय ने बेग. ूसराय जिले के स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 250 अमरूद के पौधे उपहार स्वरूप भेंट किए।

रविवार की शाम शैक्षणिक यात्रा के दौरान राजगीर से लौटते समय राजकीयकृत मध्य विद्यालय बीहट और राजकीयकृत मध्य विद्यालय रतौली के छात्र–छात्राएं एवं शिक्षक मिशन हरियाली नर्सरी पहुंचे। यहां उन्होंने मिशन द्वारा किए जा रहे पौधारोपण एवं हरियाली अभियान की गतिविधियों को नजदीक से देखा और समझा।

राजकीयकृत मध्य विद्यालय बीहट के प्रधानाध्यापक रंजन कुमार ने कहा कि यह शैक्षणिक परिभ्रमण विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक रहा। उन्होंने बताया कि मिशन हरियाली के प्रयास से अब तक 19 लाख पौधे रोपे जा चुके हैं, जिसके कारण नगदी फसलों के लिए प्रसिद्ध नालंदा अब अमरूद उत्पादन में भी बिहार में अग्रणी बन चुका है।



शिक्षिका अनुपमा कुमारी ने कहा कि मिशन हरियाली ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है। निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराकर बच्चों और आम लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना ऐतिहासिक परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम है।

वहीं, रतौली विद्यालय के प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार ने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी के बिना व्यक्तित्व अधूरा है और मिशन हरियाली का कार्य समाज के लिए अत्यंत सराहनीय है।

मिशन हरियाली के संस्थापक राजीव रंजन भारती एवं उनकी टीम द्वारा सभी छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को 250 अमरूद के पौधे भेंट किए गए। इस दौरान बच्चों ने पौधारोपण कर उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में सुरेश प्रसाद, नवीन कुमार, विनय प्रकाश, सुधीर पांडेय, प्रमोद कुमार, पी. सिंह, बिट्टू पांडेय, विक्की कुमार, हिमांशु कुमार, रवि शंकर कुमार, संजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# शहीद जगदेव प्रसाद व महाराज छीता पासी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

केशववाणी । बिहारशरीफ। शहर के आनंद मार्ग ब्लॉक चौक पर अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में शहीद जगदेव प्रसाद और महाराज छीता पासी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए तथा उनके विचारों को याद किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद बिहार के एक क्रांतिकारी राजनेता थे, जिन्हें 'बिहार का लेनिन' कहा जाता है। उन्होंने शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया।

उन्होंने बताया कि जगदेव प्रसाद का जन्म 2 फरवरी 1922 को जहानाबाद जिले के कुरहारी गांव में हुआ था। साधारण परिवार से आने के बावजूद उन्होंने शिक्षा प्राप्त की और समाज में समानता के लिए आंदोलन छेड़ा। वर्ष 1967 में वे कुर्था से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के विधायक बने तथा 1968 में कुछ दिनों के लिए उपमुख्यमंत्री भी रहे। उन्होंने शोषित दल की स्थापना कर सामाजिक क्रांति का बिगुल फूंका। 5 सितंबर 1974 को आंदोलन के दौरान पुलिस गोलीबारी में उनकी शहादत हुई। वर्ष 2001 में उनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया गया।वक्ताओं ने महाराज छीता पासी को भी वीर योद्धा और न्यायप्रिय शासक बताते हुए उनके इतिहास पर प्रकाश डाला। बताया गया कि 12वीं सदी में उन्होंने वर्तमान उत्तर प्रदेश के सीतापुर क्षेत्र में शासन किया और छितियापुर (सीतापुर) की स्थापना की। उनके किले के अवशेष आज भी मौजूद हैं। पासी समाज उन्हें गौरवशाली इतिहास के प्रतीक के रूप में याद करता है और हर वर्ष 2 फरवरी को उनकी जयंती मनाई जाती है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने दोनों महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर जिला महासचिव उमेश पंडित, मह. ासचिव महेंद्र प्रसाद, नेता विनोद रजक, सोनू रजक, सुरेंद्र शर्मा, चंदन कुमार, राकेश बौद्ध सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# पावापुरी पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त, चालक मौके से फरार

केशववाणी | संवाद सूत्र, गिरियक। पावापुरी थाना पुलिस ने अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए घोसरावा गांव स्थित पुल के समीप से बालू से लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। हालांकि पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि घोसरावा पुल के पास अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां एक ट्रैक्टर बालू लदे अवस्था में खड़ा मिला। पुलिस की भनक लगते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला।

पावापुरी थाना अध्यक्ष गौरव कुमार सिंह ने बताया कि घोसरावा गांव के पुल के समीप से बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।






# तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने बाइक में मारी टक्कर, युवक गंभीर, कार खाई में पलटी

रानी सिन्हा की रिपोर्ट, संबाददाता केशववाणी । बिंद (नालंदा)। जिले के बिंद थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहटादृसरमेरा मुख्य मार्ग पर ईश्वरचक मोड़ के समीप सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने आगे चल रही एक बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं अनियंत्रित फॉर्च्यूनर कार सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गई।



### ग्रामीणों ने दिखाई तत्परता

घायल युवक की पहचान बेलक्षी थाना क्षेत्र के कोरारी गांव निवासी प्रमोद कुमार के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार फॉर्च्यूनर की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और हादसा हो गया। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बिंद थाना पुलिस और डायल 112 को सूचना दी।

### अस्पताल में चल रहा इलाज

सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल प्रमोद कुमार को तत्काल बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (च्भ्ब्) में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ रेफर कर दिया।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि फॉर्च्यूनर चालक कार पलटने के बाद मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। वहीं घायल बाइक सवार की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।



# भ्रमण दर्शन योजना के तहत गया के 80 मत्स्यपालकों ने नालंदा हैचरी में लिया प्रशिक्षण

अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट केशववाणी । भ्रमण दर्शन योजना के तहत गया जिले के मत्स्यपालकों का एक दल सोमवार को प्रशिक्षण एवं अध्ययन दौरे पर नालंदा पहुंचा। मत्स्य विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में 80 मत्स्यपालक किसानों ने मोहनपुर मत्स्य हैचरी का भ्रमण कर आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मत्स्य पालन, मत्स्य बीज उत्पादन, मछलियों के रखरखाव, तालाब एवं नर्सरी की तैयारी, हैचरी प्रबंधन तथा कम लागत और कम जगह में अधिक उत्पादन की तकनीकों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मोहनपुर मत्स्य हैचरी के संचालक सह बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमि. टेड के निदेशक शिवनंदन प्रसाद उर्फ शिव जी ने कहा कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार कृषि में फसलों की अच्छी वृद्धि के लिए जैविक एवं रासायनिक खाद का उपयोग किया जाता है, उसी प्रकार मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए तालाबों में समय–समय पर उचित मात्रा में खाद का प्रयोग आवश्यक है।

उन्होंने जानकारी दी कि मत्स्य पालन के लिए तालाब के पानी का पीएच मान 7.5 होना चाहिए। पानी की गुणवत्ता ठीक नहीं रहने पर मछलियों की वृद्धि प्रभावित होती है। इसके लिए प्रति एकड़ 40 से 50 किलोग्राम चूना का घोल बनाकर पूरे तालाब में छिड़काव करना लाभकारी होता है।

मत्स्य विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया कि अधिक उत्पादन के लिए मछलियों को कृत्रिम भोजन जैसे सरसों व बादाम की खली, गेहूं का चोकर, चावल का ब्रान एवं अन्य संतुलित आहार देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मत्स्य बीज के वजन का लगभग 5 प्रतिशत भोजन देने से मछलियों की तेजी से वृद्धि होती है। सही प्रबंधन से एक एकड़ तालाब में 2 से 2.5 हजार किलोग्राम तक मछली उत्पादन संभव है।

भ्रमण के दौरान गया जिले के महिला एवं पुरुष मत्स्यपालकों ने हैचरी का बारीकी से निरीक्षण कर तकनीकी जानकारी हासिल की। दल में नरेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार, चंचला देवी, मंजू देवी, किरण गुप्ता, देवांती देवी, गीता देवी, सुमित्रा देवी, प्रभा कुमारी समेत कई किसान शामिल थे।

# पोआरी पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण की मांग
## मुखिया प्रतिनिधि ने पंचायती राज मंत्री से की मुलाकात

राकेश कुमार की रिपोर्ट। केशववाणी हरनौत (नालंदा)। हरनौत प्रखंड के पो. आरी पंचायत की मुखिया रेखा देवी के प्रतिनिधि सतीश कुमार उर्फ बड़े पासवान ने पंचायत की बुनियादी सुविध. ाओं के विकास को लेकर रविवार को पटना स्थित कार्यालय में पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर पंचायत की विभि. ान्न समस्याओं से अवगत कराया और मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।



मुखिया प्रतिनिधि ने मंत्री को बताया कि प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हो चुका है, लेकिन पोआरी पंचायत के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन के अभाव में ग्रामीणों को छोटे–छोटे कार्यों के लिए 10 से 12 किलोमीटर दूर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।

उन्होंने जानकारी दी कि पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए अजीत प्रसाद एवं विश्वजीत कुमार ने अपनी रैयत जमीन बिहार सरकार को दान में दी है। इसके बावजूद संबंधित पदाधिकारी जमीन नहीं होने का हवाला देकर निर्माण कार्य शुरू नहीं करवा रहे हैं।

सतीश कुमार ने कहा कि पंचायत सरकार भवन बन जाने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर आसानी से मिल सकेगा।मंत्री दीपक प्रकाश ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए हर संभव सहयोग और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सुबीली देवी के पति चंदन पासवान समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।




# ईसीआरकेयू ने मनाया 'अखिल भारतीय मांग दिवस', सैकड़ों रेलकर्मियों ने किया प्रदर्शन

राकेश कुमार की रिपोर्ट केशववाणी | हरनौत। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन (एआईआरएफ) के आह्वान पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) की ओर से सोमवार को सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में 'अखिल भारतीय मांग दिवस' मनाया गया। शाखा सचिव पूर्णानंद मिश्रा एवं शाखा अध्यक्ष महेश महतो की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों रेलकर्मियों ने भाग लिया।दोपहर भोजनावकाश के दौरान कर्मचारी टाइम ऑफिस के पास एकत्रित हुए और बोर्ड स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक की विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की। शाखा अध्यक्ष ने प्रदर्शन की शुरुआत करते हुए कहा कि वर्ष का यह पहला विरा. ेध प्रदर्शन कर्मचारियों के हितों की लड़ाई में मील का पत्थर साबित होगा।प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शाखा सचिव पूर्णानंद मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2024 में एआईआरएफ और उसकी संबद्ध यूनियनों द्वारा ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली को लेकर लगातार आंदोलन और धरना–प्रदर्शन किए गए। देशभर के कर्मचारी नई दिल्ली में जुटे और सरकार पर दबाव बनाया। इसके बाद सरकार ने एनपीएस में सुधार के लिए समिति गठित की और यूपीएस लागू करने की पहल की, लेकिन कर्मचारियों ने इसकी कमियों को उजागर किया। उन्होंने बताया कि अभी तक केवल 1–2 प्रतिशत कर्मचारियों ने ही यूपीएस अपनाया है, जबकि अधिकांश कर्मचारी




ओपीएस की बहाली की मांग पर अड़े हैं।उन्होंने आठवें वेतन आयोग में देरी, इंसेंटिव, पदा. ेन्नति, अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं के नियमितीकरण, प्राइवेट कर्मचारियों के वेतन, रेल आवासों में 125 यूनिट मुफ्त बिजली सहित कई अन्य मुद्दों को भी उठाया।प्रदर्शन के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने शाखा सचिव के नेतृत्व में मुख्य कारखाना प्रबंधक से मुलाकात कर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी को संबोधित 20 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आठवें वेतन आयोग का शीघ्र लाभ, ओपीएस लागू करने, लेवल–1 के 30 प्रतिशत पदों को लेवल–2 में अपग्रेड करने, कैडर रिस्ट्रक्चरिंग, इंसेंटिव व पीएलबी बोनस, ड्रेस अलाउंस, एलडीसीई/जीडीसीई का दायरा बढ़ाने, माता–पिता को पास व मेडिकल सुविधा में शामिल करने, खाली पदों को भरने, अप्रेंटिस को नियमित करने, न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने, कारखाने के विस्तार, हेल्थ यूनिट को डिविजनल अस्पताल में अपग्रेड करने तथा कर्मचारियों के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई।इस मौके पर कोषाध्यक्ष मनोज मिश्र, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार, प्रमोद कुमार गौतम, संयुक्त सचिव राकेश रंजन, संगठन सचिव गिरिजा प्रसाद, डीटीजीएम मंजय कुमार, शाखा पार्षद मृत्युंजय चौबे, सत्येंद्र कुमार समेत दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।



हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

बिहार का नंबर 1 अखबार

**अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें**

**7033325120**

**केशववाणी में विज्ञापन देकर**

**अपने व्यवसाय को दे नई पहचान और नई दिशा**